हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 नहरों के क्षतिग्रस्त होने से टेल एरिया तक नहीं पहुंचता पानी



07 शुभ मुहूर्त में सोयाबीन 8100 सौ, गेहूं 3551 और मक्का 5100 सौ ...



खबर संक्षेप

आरपीएफ इटारसी से आधा दर्जन तबादले

इटारसी। रेलवे सुरक्षा बल इटारसी पोस्ट पर पदस्थ कई अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशासनिक आधार पर कोटा मंडल तबादला कर दिया गया है। जारी हुई नई स्थानांतरण सूची के अनुसार उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश, सवितानंदन पवार और आनंद पवार तथा आरक्षक भूपेन्द्र सिंह और विजय कौशल को उनके वर्तमान तैनाती स्थल इटारसी पोस्ट से रिलीज कर कोटा मंडल के अंतर्गत नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

खाद की उपलब्धता और आपूर्ति का आकलन करें

नर्मदापुरम। आगामी धान उपार्जन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में प्रस्तावित उपार्जन केंद्रों का समय रहते चिन्हांकन कर उनका भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय अधिकारी स्वयं विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का जायजा लें, ताकि उपार्जन कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही उपार्जन केंद्रों पर धान की तुलाई के लिए बारदानों की पर्याप्त एवं उपलब्धता सुनिश्चित के निर्देश दिए।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने की कार्रवाई

राजस्थान मिष्ठान भंडार से की गई मिठाइयों व मावा की जांच, लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में इंदिरा चौक के पास राजस्थान मिष्ठान भंडार से खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मावा और मिठाइयों के सैंपल लिए थे, जिसकी जांच जारी है। यहां पर संदिग्ध अवस्था में यह पदार्थ मिले थे , जिन्हें सैंपल लेकर भोपाल भेजा गया है और रिपोर्ट आने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही यातायात पुलिस सहित कोतवाली पुलिस ने भी अतिक्रमण कर दुकान लगाने को लेकर भी कार्रवाई की थी। राजस्थान मिष्ठान भंडार आए दिन चर्चा में है।

रोड से यातायात पुलिस ने इनकी दुकान हटवाने के कार्यवाही की थी वही कारखाने में भी चेकिंग के दौरान अव्यवस्था का माहौल मिला था । आए दिन मिष्ठान भंडार की चेकिंग में कुछ ना कुछ कमी देखी गई है।

शहर में इंदिरा चौक के पास राजस्थान मिष्ठान भंडार से खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मावा और मिठाइयों के सैंपल लिए अब रिपोर्ट का इंतजार है।



जांच के लिए जुटये नमूने, प्रयोगशाला भेजेंगे

सैंपल की जांच के बाद अधिकारियों ने कार्रवाई की बात कही है कि राजस्थान मिष्ठान भंडार निर्माण इकाई सहित खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिये गये। राजस्थान मिष्ठान कारखाना से खुले में रखे मिठाई का विनष्टीकरण करवाया गया था। चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम प्रकरण प्रस्तावित किया जावेगा।

दुकान के अतिक्रमण से लगता है जाम

राजस्थान मिष्ठान भंडार द्वारा रोड पर अतिक्रमण से जाम की स्थिति निर्मित होती है। वहीं यातायात पुलिस ने भी यहां पर लगी दुकान का टेंट और टीन शेड हटवाया था। इसके साथ ही आए दिन यहां पर रोड पर कब्जा किया जाता है जिससे दोपहिया और चार पहिया वाहन निकलने में दिक्कत होती है। अतिक्रमण और अव्यवस्थित तरीके से सामान रखे जाने के कारण यातायात व्यवस्था आए दिन प्रभावित होती है। जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है। हाल ही में त्यौहार के समय भी यहां पर दुकान लगे लगने से स्थिति बिगड़ गई थी ग्राहकों की भीड़ के चलते जाम लग गया था। वहीं शहर के मीनाक्षी चौक स्थित दुकान पर भी यही स्थिति रही जबकि यह शहर का सबसे व्यस्तम मार्ग है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित दुकान संचालक को हिदायत देकर व्यवस्था बनाए जाने के लिए कहा जाए ताकि अनावश्यक जाम लगने की स्थिति से बचा जा सके।

पूर्व में कारखाने में भी हुई थी छापामार कार्रवाई

राजस्थान मिष्ठान भंडार के आनंद नगर स्थित नेहरू पार्क के पीछे संचालित कारखाने में टीम ने पूर्व में यहां छापामार कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान मावा और अन्य मिठाई के नमूने लिए गए तथा खाद्य सामग्री की जब्ती की कार्रवाई करते हुए पंचनामा भी तैयार किया गया। संबंधित सैंपल जांच के लिए भोपाल प्रयोगशाला भेजे गए हैं। यहां जमीन के उपयोग से जुड़ा मामला भी गर्म रहा है।

32 प्रकरण दर्ज, 9 लाख की शराब-लाहन की गई जब्त

अवैध शराब के खिलाफ जिलेभर में अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के साथ राजस्व, पुलिस और आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक के बाद जिले में अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई।

शुक्रवार को हुई कार्रवाई में जिलेभर में कुल 32 प्रकरण म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत कायम किए गए। इस दौरान 248 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा, 6400 किलो लाहन और 175 लीटर देशी-विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख 15 हजार रुपए है।

तीनों विभागों की संयुक्त कार्यवाही में इटारसी में 8 प्रकरण, 85 लीटर कच्ची शराब और 800 किलो लाहन जब्त। नर्मदापुरम कोतवाली अंतर्गत 5 प्रकरण, 38 लीटर कच्ची शराब और 1300 किलो लाहन। नर्मदापुरम देहात में 4 प्रकरण, 175 लीटर देशी-विदेशी मदिरा जब्त। सोहागपुर में 4 प्रकरण, 35 लीटर कच्ची शराब और 2500 किलो लाहन। सिवनी मालवा में 5 प्रकरण, 60 लीटर कच्ची शराब और 500 किलो लाहन। तथा पिपरिया में 6 प्रकरण, 30 लीटर कच्ची शराब और 300 किलो लाहन जप्त किया गया। कलेक्टर ने तीनों विभागों को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

कलेक्टर ने मोहासा औद्योगिक क्षेत्र का किया दौरा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने शुक्रवार को मोहासा औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर वहां संचालित औद्योगिक गतिविधियों एवं उद्योग स्थापना की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों के विकास, निवेश की संभावनाओं तथा आगामी समय में उद्योगों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में एमपीआईडीसी के प्रतिनिधियों से चर्चा कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान ग्रू सोलर एनर्जी के प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कंपनी में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए सोलर फोटोवोल्टाइक मॉड्यूल्स के निर्माण की प्रक्रिया को समझा। उन्होंने कंपनी के अधिकारियों से प्लांट की उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता मानकों, रोजगार सृजन तथा भविष्य में उत्पादन क्षमता के विस्तार की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली।

इसके पश्चात कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स के परिसर का भ्रमण किया।

बच्चियों के जन्म पर नर्स ने मांगे पैसे, नहीं देने पर रख ली एक बेटी, एसपी के पास हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिला अस्पताल में जुड़वा बच्चियों में से एक बच्ची नहीं देने की शिकायत सामने आई है। ग्राम माथनी की प्रियंका बाई ने आरोप लगाया कि 24 जून 2026 को प्रसव के दौरान नर्स ने रुपए नहीं मिलने पर एक बच्ची अपने पास रख ली। सर्व आदिवासी समाज संगठन ने मामले की जांच की मांग करते हुए थाना निरीक्षक आदित्य सेन को ज्ञापन सौंपा है।

प्रियंका बाई के मुताबिक, 24 जून को होशंगाबाद जिला अस्पताल में उसने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। उसका आरोप है कि इस दौरान नर्स ने रुपए नहीं देने पर एक बच्ची अपने पास रख ली। शिकायत करने पर नर्स ने उसे और बच्ची को जान से मारने की धमकी दी। प्रियंका ने बताया कि डॉक्टर के डर के कारण उसने यह



बात घरवालों को भी नहीं बताई। उसने बताया कि चार दिन पहले बच्ची को लेने के लिए होशंगाबाद से फोन आया था। इसके बाद उसने अपने पति और परिवार को पूरी घटना बताई। 10 नवंबर को उसने कलेक्टर और एसपी को शिकायत देकर जांच की मांग की थी। सर्व आदिवासी समाज संगठन ने ज्ञापन में घटना के समय ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।

निर्माणाधीन तवा ब्रिज को समय सीमा में किया जाए पूर्णः संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ ने आज निर्माणाधीन तवा-ब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तवा ब्रिज में प्रयोग किया जा रहे सीमेंट कंकरीट मैटेरियल का भी अवलोकन कर उसकी टेस्टिंग रिपोर्ट भी देखी। इसके साथ ही निर्माणाधीन साइट पर उपलब्ध लैब टेस्ट करने के उपकरणों के साथ उसकी प्रक्रिया को भी समझा।

श्री बनोठ ने कहा कि ब्रिज निर्माण की समय-सीमा निर्धारित है इसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर



लिया जाए। इसके लिए सभी मापदंड पूर्ण किए जाए। ब्रिज का निरीक्षण किया और स्लैब निर्माण करने की प्रक्रिया को भी देखा।

इस अवसर पर विभाग के अधिकारी ने बताया कि ब्रिज का 75% काम पूरा किया जा चुका है एवं मार्च 2027 तक की समय सीमा में पुल का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। समय-समय पर इनका क्वालिटी चेक रिपोर्ट भी संधारित की जा रही है। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के अधिकारी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कांग्रेस का प्रदर्शनः सांसद के निवास का किया घेराव, जिलाध्यक्ष बोले- किसान करते हैं मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में किसानों पर भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा के कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी का बंगला घेर लिया। दोपहर 2:30 बजे हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग पर चढ़कर बंगले में घुसने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने उन्हें खींचकर पीछे किया। बंगले के सामने भारी पुलिस बल तैनात रहा और बैरिकेडिंग कर रास्ता रोका गया। कांग्रेस नेताओं ने बयान को किसानों का अपमान बताते हुए जनार्दन मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। दरअसल, 9



नवंबर को भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने किसानों को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि किसान तीन महीने खेती में मेहनत करते हैं, जबकि बाकी नौ महीने ताश, राजश्री, बोतल, चोंगी और जय भोले चढ़ाते हैं। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को नर्मदापुरम में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के बंगले का घेराव किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत पांडे ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके देश का पेट भरता है। ऐसे में उसकी मेहनत और समर्पण पर सवाल उठाना गलत है। उन्होंने जनार्दन मिश्रा के बयान की निंदा करते हुए उनके खिलाफ नारेबाजी की।

जयनगर–मुंबई के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

त्योहारी सीजन और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने जयनगर (बिहार) और लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) के बीच 2-2 ट्रिप पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 05535/05536 जयनगर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस–जयनगर स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी और जबलपुर के साथ-साथ भोपाल मंडल के इटारसी जंक्शन पर भी दोनों दिशाओं में रुकेगी।

कुल 22 कोचों वाली इस ट्रेन में वातानुकूलित, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के डिब्बे लगाए गए हैं। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 05535 जयनगर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 17 और 24 नवंबर 2026 (मंगलवार) को रात 23:50 बजे जयनगर से रवाना होगी।

यह ट्रेन अगले दिन सतना (18:32 बजे), कटनी (19:55 बजे) और जबलपुर (22:20 बजे) होते हुए तीसरे दिन तड़के 03:40 बजे इटारसी पहुंचेगी और 10 मिनट के ठहराव के बाद 03:50 बजे रवाना होकर गुरुवार शाम 17:15 बजे मुंबई पहुंचेगी। वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 05536 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–जयनगर स्पेशल ट्रेन 19 और 26 नवंबर गुरुवार को शाम 19 बजे मुंबई से प्रस्थान करेगी।

सीएमओ ने वार्डों का किया औचक निरीक्षण गैरहाजिर कर्मियों का वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विधायक के निर्देशन में एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने वार्ड क्रमांक 24, 25 एवं 26 का अचानक औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का आज का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। वहीं संबंधित



वार्ड सुपरवाइजर को अंतिम चेतावनी देते हुए कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि सफाई कार्य में लापरवाही एवं ड्यूटी के प्रति उदासीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा आज से रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था प्रारंभ करने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। इसके अंतर्गत रात्रि के समय भी शहर के प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में सफाई कार्य कराया जाएगा, ताकि दिन के समय यातायात एवं व्यापारिक गतिविधियों के कारण होने वाली असुविधा को कम किया जा सके और शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जा सके।

70वीं राज्य स्तरीय शालेय आर्चरी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सभी गतिविधियों में भी आगे आकर अपने भविष्य को करें उज्जवलः विधायक डॉ शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

70वीं राज्य स्तरीय शालेय आर्चरी प्रतियोगिता का शुभारंभ वीर सावरकर स्टेडियम, पुरानी इटारसी में हुआ । विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ।विशिष्ट अतिथि राहुल सोलंकी, अरुण शर्मा, जयकिशोर चौधरी, मयंक महतो, भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

480 खिलाड़ी एवं 100 ऑफिशियल हुए शामिल

प्रतियोगिता में प्रदेश के 9 संभागों ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, रीवा,



सागर, जबलपुर, उज्जैन सहित जनजातीय कार्य विभाग एवं नर्मदापुरम संभाग के लगभग 480 खिलाड़ी तथा 100 ऑफिशियल सम्मिलित हुए। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी एल.एन. प्रजापति द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। विधायक सीता शरण शर्मा ने बच्चों से खुली प्रतिस्पर्धा में खेल भावना के साथ आर्चरी प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

विधायक श्री शर्मा के द्वारा उद्बोधन में सभी बच्चों से सभी विधाओं में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सभी गतिविधियों में आगे आकर अपने भविष्य को उज्जवल करने के लिए प्रेरित किया ।

माया नारोलिया राज्यसभा सांसद ने विभिन्न संभागों से आए हुए सभी बालक बालिकाओं को इटारसी नगर में अपने खेल में जौहर दिखाने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में स्वागत गीत , सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विकासखंड खेल प्रभारी बख्तावर खान द्वारा उपस्थित खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल को प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना एवं अनुशासन बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

मां दुर्गा की आराधना और गोवर्धन पूजा की परंपरा के बीच आज सजेगा अन्नकूट का भव्य आयोजन, तैयार हो रहा महाप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दीपावली पर्व के बाद अन्नकूट महोत्सव की धार्मिक परंपरा एक बार फिर नगर में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम लेकर आ रही है। लकड़गंज स्थित श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में आज शनिवार, 14 नवंबर को विशाल नगर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मां दुर्गा की आराधना और भगवान गोवर्धन को अन्नकूट भोग अर्पित करने की परंपरा के साथ होने वाले इस आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की गई हैं।

10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए तैयार हो रहा महाप्रसाद

महोत्सव की विशेषता यह है कि इस वर्ष 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद तैयार किया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के पकवानों और व्यंजनों से अन्नकूट का भोग सजाया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद तैयार करने की व्यवस्था आयोजन की व्यापकता और



नगरवासियों की धार्मिक आस्था को दर्शाती है। गोवर्धन पूजा में अन्नकूट का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश दिया था। इसी परंपरा में अन्नकूट के रूप में विभिन्न प्रकार के अन्न और व्यंजनों का भोग भगवान को अर्पित किया जाता है। वहीं श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में मां दुर्गा के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था इस आयोजन को विशेष धार्मिक स्वरूप प्रदान करती है।

श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति द्वारा आयोजित यह महोत्सव शनिवार को शाम 6:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक चलेगा। समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे एवं व्यवस्थापक भूपेंद्र विश्वकर्मा ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार शामिल होकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा अन्नकूट महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा वर्ष 1970 में स्थापित की गई थी। तभी से यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। समिति ने श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं से आयोजन में स्वेच्छा से सहयोग प्रदान करने का भी आग्रह किया है।

खबर संक्षेप



लिहदा डैम का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बैतूल। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत मुलताई के ग्राम लिहदा पहुंचकर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने डैम की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने डैम से पानी लिफ्ट कर उपयोग में लाने के लिए मुलताई नगरपालिका को सर्वे कर द्वारका नगरी योजना के तहत कार्य प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। साथ ही डैम को उसकी 8 एमसीएम की पूर्ण क्षमता पर संचालित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों एवं किसानों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने पुलिया निर्माण तथा पारसडोह डैम की जर्जर सडक़ के नवीनीकरण के लिए जल संसाधन विभाग को शीघ्र एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं, किसानों की गन्ने की फसल के लिए लिहदा डैम से पानी उपलब्ध कराने की मांग पर भी अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

स्व. विजय कुमार खंडेलवाल (बाबूजी) को पुण्यतिथि पर किया याद



बैतूल। जिला भाजपा के पितृपुरूष, विकास पुरोधा, अजेय सांसद स्व.विजय कुमार खंडेलवाल (बाबूजी) की 19 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में श्रद्धा, गरिमा और भावपूर्ण माहौल में श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्व.विजय कुमार खंडेलावल (बाबूजी) के परिजनो, मित्रो, व नगर के नागरिको सहित भाजपा परिवार ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हे याद किया। इस अवसर पर डा.सतीश खंडेलवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, राकेश द्विवेदी, रमेश मिश्रा, नरेन्द्र शुक्ला, मुकेश खंडेलवाल द्वारा श्री खंडेलवाल के छायाचित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की।

पाथाखेड़ा में कल लगेगा विद्युत समस्या निराकरण शिविर

सारनी। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए सारनी वितरण केंद्र के अंतर्गत आज शनिवार 14 नवंबर को पाथाखेड़ा के चंद्रशेखर वार्ड क्रमांक 16 में संपर्क अभियान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। शिविर में क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता बिजली से संबंधित विभिन्न समस्याओं का निराकरण करा सकेंगे। इसमें नए विद्युत कनेक्शन लेने, स्वीकृत भार (लोड) में परिवर्तन, नाम परिवर्तन, बिजली बिल संबंधी शिकायतों और मीटर से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा अन्य विद्युत सेवाओं से संबंधित कार्य भी किए जाएंगे।

बैतूल डिवीजन में 415.23 किमी में से सिर्फ 172.59 किमी नहरें ही पक्की

नहरों के क्षतिग्रस्त होने से टेल एरिया तक नहीं पहुंचता पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



इस साल नहरों की मरम्मत के लिए बजट ही नहीं मिल पाया है। ऐसे में नहरों में पानी छोड़ा जाता है तो टेल एरिया तक की बात तो छोड़ो, नहरों के बीच के किसानों को भी पानी मिलना मुश्किल है, क्योंकि पक्की नहरों के अभाव में जलाशयों का पानी हर साल सिंचाई के नाम पर बर्बाद होता है। टेल एरिए के किसानों को पानी नहीं मिल पाता है और किसानों को रबी सीजन में पलेवा और सिंचाई के लिए परेशान होना पड़ता है। जिन किसानों के पास निजी जलस्त्रोत हैं, उन्होंने तो इस साल खरीफ सीजन की फसल बचाने के लिए ट्यूबवेल और कुंओं का पानी उपयोग कर लिया है। अब उनके पास नहरों से मिलने वाले पानी की ही उम्मीद थी, लेकिन नहरों का मेंटेनेंस शुरू ही नहीं हुआ है। जिसकी वजह से नहरें जगह-जगह से टूट-फूट चुकी हैं। बैतूल जिले में 95 प्रतिशत नहरें कच्ची हैं। जिन्हें हर साल नए सिरे से बनवाना पड़ता है, इसके बाद भी टेल एरिये के किसानों को पानी नहीं मिल पाता है। वैसे भी इस साल जिले में सामान्य से 27 प्रतिशत कम बारिश ही हुई है। जिससे जलाशयों में क्षमता से आधा ही पानी का जल भराव हुआ है। इसके अलावा नहरें भी क्षतिग्रस्त है और उनका मेंटेनेंस अभी तक शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में यदि नहरों में पानी छोड़ा जाता है तो पानी टेल एरिया तक पहुंचेगा, यह कह पाना ब?ा मुश्किल है।

बैतूल डिवीजन में 415.23 किमी में फैला है नहरों का नेटवर्क

इस साल नहरों की मरम्मत के लिए बजट ही नहीं मिल पाया है। इसलिए जल संसाधन विभाग ने किसानों से यह अपील की हैं कि वे अपने स्तर पर नहरों की मरम्मत में सहयोग करें। पहले जल उपभोक्ता संस्था नहरों की मरम्मत का काम कराती थी, लेकिन संस्था के चुनाव नहीं होने से विभाग को नहरों का मेंटेनेंस करना पड़ता है। बताया जाता है कि जलसंसाधन विभाग बैतूल डिविजन के अंतर्गत 102 जलाशय आते हैं। इनसे निकलने वाली नहरों का नेटवर्क 415.23 किमी में फैला है। सिर्फ 172.59 किमी में ही पक्की नहरें हैं। जबकि कच्ची नहरों का जाल 242.64 किमी तक फैला है। यह नहर प्रणाली 1970-80 के दशक में बनी थी, लेकिन सालों से इनका मेंटेनेंस नहीं करवाया गया है। जिसकी वजह से नहरें जगह-जगह से टूट-फूट चुकी हैं और 95 प्रतिशत नहरें कच्ची हैं। जिन्हें हर साल नए सिरे से बनवाना पड़ता है, इसके बाद भी टेल एरिये तक बके किसानों को पानी नहीं मिल पाता है।

एक किमी नहर निर्माण में 60 लाख तक खर्च

जिले में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए नए जलाशयों का निर्माण किया जा रहा है। पांच सालों में जिले में दो दर्जन से अधिक जलाशय बनाए गए हैं लेकिन नहरों के निर्माण को लेकर प्रयास नहीं किए गए हैं। पक्की नहरों के अभाव में जलाशयों का पानी हर साल सिंचाई के नाम पर बर्बाद होता है। कृषि विभाग से जुड़े जानकार बताते हैं कि लघु परियोजनाओं के जलाशयों की नहरों को बनाने में अपेक्षाकृत खर्चा कम आता है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक एक किमी नहर के निर्माण में 55 से 60 लाख रुपए की लागत आती है। जबकि इसके विपरीत मध्यम परियोजनाओं की नहरों के निर्माण में लागत दोगुनी हो जाती है।

इनका कहना है

65 जलाशय जो 40 प्रतिशत से कम भरे है, उन्हें पेयजल के लिए आरक्षित किये है। 52 जलाशयों की नहरों को ट्रिपल आर से (प्रदेश स्तर से) नहरों के पक्कीकरण-मरम्मत की स्वीकृति से मिल गई है। सीडब्ल्यूसी (सेंट्रल) से स्वीकृति मिलना बाकी है। नहरें कच्ची होने से 5 से 10 प्रतिशत पानी वेस्ट होता था, नहरों के पक्कीकरण से जिले में 4 हजार हेक्टेयर में सिंचाई का रकबा बढ़ जायेगा। वैसे बैतूल जिले में बैतूल-मुलताई डिवीजन मिलाकर लगभग 200 जलाशय एवं बैराज (स्टॉप डैम) जिसमें से बैतूल डिवीजन में 85 जलाशय एवं 17 बैराज है और 98 जलाशय मुलताई डिवीजन में है। जल संसाधन विभाग द्वारा टेल एरिया तक के किसानों को पानी पहुंचाने का पूरा प्रयास किया जाता है, परंतु नहरे बहुत पुरानी व कई जगहों पर कच्ची होने के कारण टूट-फूट होने से दिक्कत जाती है।

- रोशन कुमार सिंह, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग बैतूल।

सांपना, घोघरी जलाशय से छोड़ा सिंचाई के लिए पानी

बैतूल। सांपना और घोघरी जलाशय से सिंचाई के लिए शुक्रवार को पानी छोड़ा गया। इस पानी से किसान पलेवा कर सकेंगे। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता में पिछले दिनों हुई जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अुनसार सापना जलाशय से 3860 हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को पानी दिया जाना सुनिश्चित किया गया था। इसी कड़ी में शुक्रवार को बैतूलबाजार क्षेत्र में करीब 35 किलोमीटर कैनाल नेटवर्क के किसानों का पानी दिया गया। जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी भूपेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि इसमें डी-वन कैनाल से टेढ़ा तक तथा डी-2 कैनाल से बाजपुर तक के किसानों को पलेवा के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस बार सापना जलाशय में 74 प्रतिशत ही पानी का जलभराव हुआ है। जल संसाधन विभाग के ईई आरके सिंह ने किसानों से अपील की है कि इस साल के पेयजल संकट को देखते हुए पानी का सदुपयोग सुनिश्चित करें। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री आरके सिंह ने बताया कि घोघरी जलाशय से इस साल 5000 हेक्टेयर में पलेवा के लिए एक पानी दिया जाना सुनिश्चित हुआ है। निर्णयानुसार घोघरी जलाशय से क्षेत्र के किसानों को 5000 हेक्टेयर में पलेवा हेतु एक पानी दिया जाना है। चूंकि घोघरी जलाशय में इस वर्ष 40 प्रतिशत ही जलभराव है, जबकि वहीं पिछले वर्ष 100 प्रतिशत जलभराव हुआ था।

जनजातीय गौरव दिवस के निमित्त अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा बैतूल की जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती के निमित्त आयोजित बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से नर्मदापुरम संभाग प्रभारी एवं महापौर छिंदवाड़ा विक्रम आहाके, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह, कृष्णा गायकी, डॉ. महेंद्र सिंह सहित मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं समस्त मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को जिले के सभी मंडलों में धूमधाम एवं भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बिरसा मुंडा जी के जीवन, संघर्ष एवं जनजातीय समाज के उत्थान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों को अपने-अपने मंडल में कार्यक्रम आयोजित करने, कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं जनजातीय गौरव दिवस को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष चिक्का टेकाम ने की। संचालन जिला महामंत्री कपिल उईके एवं रामप्रसाद मर्सकोले ने किया। इस अवसर पर मोर्चा के समस्त जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

भामस के जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न



बैतूल। भारतीय मजदूर संघ बैतूल की जिला कार्य समिति की बैठक बिजली कर्मचारी महासंघ कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विभाग प्रमुख विनय डोंगरे, जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड़, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश मंसूरिया, नगरपालिका नगर पंचायत के प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल किशोर भावसार की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुए जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड, नगर पालिका नगर पंचायत के अध्यक्ष कमल किशोर भावसार ने बताया कि बैठक में विभाग प्रमुख विनय डोंगरे द्वारा आगामी दिनों के लिए भारतीय मजदूर संघ के कार्य योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिसमें भारतीय मजदूर संघ से संबंधित नवीन क्षेत्र में पंजीयन की कार्रवाई पुराने संगठनों के सदस्यता अभियान एवं 20 दिसंबर को जिला अधिवेशन समर्पण निधि जिन-जिन संगठनों के अधिवेशन नहीं हुए, उनके अधिवेशन के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के गोविंद साहू, महेंद्र प्रजापति, संजय ठाकुर, राजू साहू, राकेश साबले, विजय यादव, संतोष शिंदे, ऋषभ जैन, राहुल चदोकार, वासुदेव घोडकी, मिरचंद साहू, रूपलाल गोहे, दिनेश बर्डे, डैनी गौड़, योगेंद्र दवनडे, लखन मालवीय, श्याम पंडोले, मीरा पंडोले, भूपेंद्र पंडाग्रे सहित भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

विभिन्न समस्याओं का मौके पर किया निराकरण

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आमला में जनविश्वास शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को आमला में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक अमित सक्सेना, जिला पंचायत सीईओ गणेश जायसवाल, एसडीएम आमला सुश्री कामिनी ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में आमला विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से प्राप्त जनसमस्याओं एवं शिकायतों पर सुनवाई की गई। अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा कई मामलों में मौके पर ही निराकरण करते हुए संबंधित विभागों को शेष समस्याओं का समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में आवेदक धूमना बगाहे के विद्युत कनेक्शन संबंधी आवेदन का निराकरण करते हुए उन्हें नवीन विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया।

वहीं आवेदक घनश्याम सोनी, गीता सोनी सहित अन्य आवेदकों की नल कनेक्शन संबंधी समस्याओं पर कार्रवाई करते हुए नल कनेक्शन स्वीकृत किए गए। ग्राम परसोडा में मध्यान्ह भोजन के मानदेय का भुगतान नहीं होने की शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम कुतरखेड़ी के हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की कमी की समस्या पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को रोस्टर के अनुरूप शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार ग्राम लादी में नेटवर्क की समस्या का एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के लिए बीएसएनएल को निर्देशित किया गया। ग्राम लादी में पट्टे से संबंधित समस्या के समाधान के भी निर्देश दिए गए। ग्राम जीराढाना एवं छिपाण्या में नल-जल योजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा गया। वहीं मोरखा नदी में अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी निकालने की शिकायत पर एसडीएम एवं पुलिस को संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ग्राम बाबरडोह में नल-जल योजना से संबंधित समस्या के निराकरण के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

व्यापारी संघ ने अस्पताल के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए सौंपा ज्ञापन



शाहपुर। व्यापारी संघ शाहपुर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में रिक्त पद पर शीघ्र भर्ती के लिए बीएमओ को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से नेत्र रोग विशेषज्ञ की भर्ती की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि यह पद कई वर्षों से रिक्त पड़ा हुआ है। साथ ही जितने भी पद रिक्त हैं, उन पदों पर शीघ्र ही नियुक्ति की जाए, क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर 40 पंचायत को जोडऩे वाला एकमात्र बड़ा स्वास्थ्य केंद्र है। जिस पर गांव के लोग और बरेठा घाट जैसे जहां किसी भी समय कोई भी दुर्घटना घट जाती है और अन्य लोग भी इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है, इसीलिए व्यापारी संघ शाहपुर द्वारा शीघ्र ही इन पदों पर भर्ती की मांग की गई है।

सारणी के 19 स्थानीय संगठन मिलकर करेंगे विरोध

नए प्लांट के निर्माण कार्य में स्थानीयता को किया जा रहा है दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



सारणी नगर में नवनिर्मित 660 मेगावाट की इकाई के शुरुआती चरण के निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूर, युवा एवं ठेकेदारों को भी दरकिनार किया गया, जिसके कारण अब नई इकाई के निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों के विरोध स्वरूप प्रतीकात्मक पुतला दहन कर प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। इन अधिकारियों की लापरवाही पूर्ण रवैये के कारण स्थानीय युवा एवं मजदूरों को तथा ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

स्थानीय लोगों के वाहन भी बहुत पुराने रेट पर लगाए जा रहे हैं, सतपुडा प्लांट में पिछले कई दशकों से अपनी सेवाएं दे रहे पुराने एवं अनुभवी ठेकेदारों को भी पर्याप्त काम नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण अब समाजिक संगठन द्वारा संयुक्त रूप से सारणी बचाओ संघर्ष समिति के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया जाएगा। सारणी बचाओ संघर्ष समिति के संचालक अखिलेश तिवारी, सहसंयोजक सुनील भारद्वाज, त्रिरत्न बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष बलवंत पाटिल, श्रमिक नेता एवं पूर्व पार्षद बबलू नरै, पूर्व सैनिक कल्याण संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मन्नालाल कापसे, आदिवासी विकास संगठन घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के वरिष्ठ पदाधिकारी मानु मर्सकोले विश्व हिंदू परिषद पूर्व जिला संयोजक चेतन गुप्ता ने बताया कि स्थानियों की अनदेखी एवं प्लांट प्रबंधन के जिम्मेदार पदाधिकारी एवं भेल कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को भारी पड़ेगी भेल कंपनी द्वारा सुयोजित योजना बनाकर अपने साथ बाहरी कंपनियों को पेटी कॉन्टैक्टर बनाकर लाया गया है एवं इन पेटी कॉन्टैक्टर कंपनी महारैल एवं बीबीजी कंपनियों जो की मुलत महाराष्ट्र की है इन कंपनियों द्वारा एक तो बहुत कम रेट पर पेटी पर काम दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर बाहरी ठेकेदारों को भी बहुत ज्यादा काम किया एवं इन बाहरी ठेकेदारों द्वारा दूसरे राज्यों के मजदूरों को लाकर प्लांट में काम कराया जा रहा है इसके कारण स्थानियों की बड़े स्तर पर अनदेखी हो रही है, एवं स्थानीय स्तर पर भी एक ही बड़े ठेकेदार को काम दे दिए जा रहे वह भी कम रेट पर जिसके कारण दूसरे ठेकेदार उस कम रेट पर काम नहीं कर पा रहे हैं इन परिस्थितियों में अधिकारियों की भी मिली भगत प्रतीत हो रही है इसके अलावा सतपुड़ा प्लांट में पुरानी इकाइयों के डिस्मिलिटिंग का भी बड़ा काम चल रहा है इसमें बड़े स्तर पर बाहरी मजदूर काम कर रहे हैं।

खेत के कोठे में बंधे मवेशियों को बनाया निशाना

बोरगांव शेरगढ़ में जंगली जानवर का मवेशियों पर हमला, दो की मौत और एक हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



मुलताई विधानसभा क्षेत्र के प्रभात पट्टन जनपद अंतर्गत ग्राम बोरगांव शेरगढ़ में जंगली जानवर द्वारा खेत में बने कोठे में बंधे मवेशियों पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में दो मवेशियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मवेशी घायल बताया जा रहा है। शुक्रवार दोपहर जब किसान अपने खेत पर पहुंचा तो मवेशियों को मृत और घायल अवस्था में देखकर उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस और वन विभाग को दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान पिंटू रोडले के खेत में बने कोठे में मवेशी बंधे हुए थे। इसी दौरान किसी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। हमले में एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे मवेशी के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। वहीं, ग्रामीणों ने एक अन्य बछड़े को भी जंगली जानवर द्वारा उठाकर ले जाने की आशंका जताई है। हालांकि वन विभाग की प्रारंभिक जांच में बछड़े को जंगली जानवर द्वारा ले जाने के कोई पुख्ता साक्ष्य नहीं मिले हैं।

तेंदुए के हमले की आशंका लेकिन नहीं मिले पुख्ता प्रमाण

घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी पूनम गुप्ता के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की निशानदेही पर घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच की गई। पट्टन बीट के वन परिक्षेत्र सहायक हरि पवार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक बछड़े के गले पर जंगली जानवर के हमले से चोट के निशान मिले हैं, जबकि एक बछिया के पेट पर हमले के निशान पाए गए, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने तीसरे बछड़े को भी जंगली जानवर द्वारा हमले के बाद अपने साथ ले जाने की बात कही है, लेकिन वन विभाग की जांच के दौरान ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला, जिससे यह पुष्टि हो सके कि जंगली जानवर बछड़े को उठाकर ले गया है। क्षेत्र की जमीन सूखी होने के कारण घटनास्थल पर वन्य प्राणी के स्पष्ट पदचिह्न भी नहीं मिल सके हैं। वन विभाग के अनुसार मवेशियों पर जिस प्रकार हमला किया गया है, उससे तेंदुए की मौजूदगी और उसके हमले की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, अब तक कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलने के कारण हमलावर वन्य प्राणी की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी की तैयारी

घटना के बाद क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में भय एवं चिंता का माहौल है। खेतों में बने कोठों में मवेशियों को बांधकर रखने वाले किसानों को अब अपने पशुओं की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। आसपास की ग्राम पंचायतों में भी जंगली जानवर की संभावित मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वन विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों से गांवों में मुनादी करवाकर ग्रामीणों को अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने तथा रात के समय अकेले जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह देने के लिए कहा गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, जंगली जानवर की पहचान करने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग द्वारा निगरानी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में मवेशियों के साथ-साथ ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है।

सतपुड़ा वैली स्कूल के 9 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयन



बैतूल। सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल, बैतूल के 9 खिलाडियों ने बास्केटबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 1 से 5 नवंबर तक मंदसौर में आयोजित एसजीएफआई राज्य स्तरीय अंडर-19 बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की दीवा डागा, कनिका राठौर, नव्या पाटिल एवं अमिषा सोनी ने संभाग का प्रतिनिधित्व किया। वहीं, अंडर-14 वर्ग में अर्णव खन्ना, आर्ची पांडे, शन्वी आर्या, कनिष्का देशमुख एवं जीविका बंधिया का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी 16 से 20 नवंबर तक गुना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग की ओर से खेलेंगे। खिलाड़ी बास्केटबॉल कोच दिव्या साहू के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं। विद्यालय की डायरेक्टर दीपाली निलय डागा, उप प्राचार्य अरविंद सिंह राजपूत सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रबंधन ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक/ज.प्र.शा./ई./5096-5097 बैतूल दिनांक 06/11/2026

// ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना //
(द्वितीय/तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना)

निम्नलिखित कार्य/सामग्री हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

क्र.	ऑन लाईन निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_547751_1 2ND CALL	SUPPLY AND INSTALLATION OF FLOW METER AND LEVEL GAUGE AT VARIOUS OTH OF ULB BETUL	1- 30 Days 2-422400/-	1- 2000/- 2- 4200/-	16-11-2026
2	2026_UAD_547752_1 3RD CALL	SUPPLY OF ELECTRICAL MATERIALS RELATED TO WATER SUPPLY FOR BETUL MUNICIPAL COUNCIL	1- 2026-27 2- 2500000/-	1- 5000/- 2- 18800/-	23-11-2026

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

नवनीत पाण्डेय, सीएमओ, नगर पालिका परिषद बैतूल

खबर संक्षेप

विद्यालय में स्वच्छता लिए लगातार अभियान चलाएं

नर्मदापुरम। संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ ने तवा नगर स्थित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया इस दौरान बच्चों की आवासीय व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उपस्थित शिक्षकों ने बताया कि यहां पर 242 बच्चे आवासीय उपस्थिति में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं इसके साथ एक अन्य स्थान पर अनुसूचित जाति वर्ग 50 बच्चे आवासीय व्यवस्था में शिक्षा लें रहे है। वर्तमान में इस आवासीय विद्यालय की क्षमता 245 बच्चों की है यह सभी बच्चे आदिवासी वर्ग से आते हैं। संभाग आयुक्त श्री बनोठ ने आदर्श विद्यालय के संबंध में अन्य जानकारी भी प्राप्त की और बच्चों को आने वाले समय में ठंड से बचने के लिए सभी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं।

चोक नालियों और मलबे के बीच कारोबार करने को मजबूर दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद पिपरिया के दावों के विपरीत शहर के व्यस्ततम पचमढ़ी रोड स्थित बस स्टैंड क्षेत्र में लापरवाही की दास्तान सरेआम दिखाई दे रही है। नगर पालिका द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों और नई पक्की दुकानों के निर्माण के बाद भी स्थानीय व्यवसायियों और उपभोक्ताओं की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

सेनेटरी शाखा प्रभारी की उदासीनता के चलते यहाँ स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड पर पूर्व में किए गए अतिक्रमण को हटाकर नगर पालिका द्वारा दर्जनों पक्की दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिन्हें किराए पर दिया गया है। दुकानदारों ने भी सहयोग करते हुए अपना पुराना अतिक्रमण हटाकर नई दुकानों में कारोबार शुरू कर दिया।लेकिन विडंबना यह है कि अतिक्रमण हटने के बाद सतपुड़ा दरबार, नैवेद्य भोजनालय और आसपास की अन्य दुकानों के सामने बचे निर्माण अवशेष और मलबे को आज तक नहीं हटाया गया है। यह मलबा और निर्माण सामग्री आज भी व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने मुंह चिढ़ा रही है।

सफाई कर्मियों की लापरवाही से जाम हुईं खुली नालियां

दुकानदारों का आरोप है कि क्षेत्र में तैनात सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी से मुँह चुरा रहे हैं। सड़क की सफाई के दौरान कचरे को उठाने के बजाय सीधे खुली नालियों में उड़ेल दिया जा रहा है, जिससे नॉलियाँ पूरी तरह से चोक हो चुकी हैं।नालियों के ऊपर स्लैब न होने और कचरे के कारण जमा गंदे पानी से उठने वाली भीषण दुर्गंध ने स्थिति बदतर कर दी है। हालात यह हैं कि होटलों और दुकानों पर आने वाले उपभोक्ताओं को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर दुकानदारों के कारोबार पर पड़ रहा है।

सेनेटरी शाखा प्रभारी पर टिकी नाराजगी

क्षेत्रीय दुकानदारों का कहना है कि सेनेटरी शाखा प्रभारी की मनमानी और लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बार-बार ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद धरातल पर कोई सुधार नहीं देखा गया है।

नपाध्यक्ष से लगाई न्याय की गुहार

परेशान दुकानदारों ने नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल से तत्काल हस्तक्षेप करने और इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकालने की माँग की है। दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मलबे को हटाकर नालियों की सफाई और ढक्कन की व्यवस्था नहीं कराई गई, तो उन्हें मजबूरन आंदोलन का रुख करना पड़ेगा।

नपा कर्मियों ने की थी हड़ताल

दीपावली से पूर्व 7 नवंबर को पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लगभग 200 सफाई कर्मचारियों के काम पर न लौटने से जगह-जगह कचरे के ढेर जमा होने लगे थे। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई थी। इससे नगर पालिका परिषद की लापरवाही और कार्यप्रणाली उजागर होती है। साथ ही नगर पालिका का अमला भी आम नागरिकों की समस्या सुनने से परहेज करता नजा आ रहा है।

दीपावली अवकाश के बाद फिर गुलजार हुई कृषि उपज मंडी

शुभ मुहूर्त में सोयाबीन 8100 सौ, गेहूं 3551 और मक्का 5100 सौ रु. प्रति क्विंटल बिका

मण्डी में आए पहले किसान का साफा बांधकर किया स्वागत। पहले दिन 10 हजार क्विंटल से अधिक उपज की हुई आवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दीपावली के अवकाश के बाद गुरुवार को प्रदेश की प्रतिष्ठित और ए-ग्रेड सीहोर कृषि उपज मंडी एक बार फिर किसानों और व्यापारियों की चहल-पहल से गुलजार हो उठी। नए व्यापारिक सत्र की शुरुआत शुभ मुहूर्त की पूजा-अर्चना और जोरदार नीलामी के साथ हुई। मुहूर्त के पहले ही सौदों में व्यापारियों ने जमकर उत्साह दिखाया और ऊंची बोलियां लगाईं। नए सत्र के शुभारंभ पर सोयाबीन ने 8100 रुपये प्रति क्विंटल का शानदार भाव हासिल किया, जबकि गेहूं की नीलामी 3551 रुपये और मक्का की 5100 रुपये प्रति क्विंटल पर हुई। ऊंचे भाव मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे और पूरे मंडी प्रांगण में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। मंडी समिति द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8.30 बजे मंडी प्रांगण स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सुबह 9.15 बजे महाआरती हुई, जिसमें मंडी के अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी और बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। आरती के बाद सभी ने साथ मिलकर स्वल्पाहार किया। निर्धारित शुभ मुहूर्त के अनुसार ठीक सुबह 10.30 बजे नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई। परंपरा के अनुसार सबसे पहले बैलगाड़ी और ऑटो में लाई गई कृषि उपज की बोली लगाई गई, जिसके बाद गेहूं, सोयाबीन और मक्का से भरी ट्रॉलियों की नीलामी का सिलसिला शुरू हुआ।

किसान का साफा बांधकर किया सम्मान

मुहूर्त की नीलामी में ग्राम जमोनिया के किसान जितेंद्र यादव अपनी बैलगाड़ी में उपज लेकर सबसे पहले मंडी परिसर पहुंचे थे। परंपरा का निर्वहन करते हुए मंडी प्रशासन और व्यापारियों द्वारा किसान जितेंद्र यादव का साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जितेंद्र द्वारा लाई गई 6 क्विंटल सोयाबीन की उपज पर व्यापारियों ने बढ़-चढकर बोली लगाई। अंत में हनुमान ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मोहन राठौर ने 8100 रुपये प्रति क्विंटल की सबसे ऊंची बोली लगाकर मुहूर्त का पहला सोयाबीन सौदा अपने नाम किया।

व्यापारियों ने दिखाया उत्साह

सोयाबीन के बाद गेहूं और मक्का के मुहूर्त सौदों में भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। ग्राम ऊलझावन के किसान पवन द्वारा लाई गई 30 क्विंटल गेहूं की उपज को खरीदने के लिए व्यापारियों में होड़ मच गई। इसमें ट्रेड किंग इंटरनेशनल के प्रोपराइटर प्रिंस राठौर ने 3551 रुपये प्रति क्विंटल की सबसे ऊंची बोली लगाकर गेहूं खरीदा। इसी तरह मक्का का मुहूर्त सौदा भी 5100 रुपये प्रति क्विंटल के आकर्षक भाव पर तय हुआ।

शरबती गेहूं के लिए प्रसिद्ध है मंडी

गौरतलब है कि सीहोर कृषि उपज मंडी समय पर भुगतान के कारण प्रदेश की चुनिंदा ए-ग्रेड मंडियों में शामिल है। विशेष रूप से अपने विश्वप्रसिद्ध शरबती गेहूं की गुणवत्ता के कारण इस मंडी की पहचान पूरे देश में है। यहां के व्यापारियों द्वारा देश के कई राज्यों में शरबती गेहूं की आपूर्ति की जाती है।

सख्ती: सीएमओ ने ली स्वच्छता कर्मियों की बैठक, 8 घंटे काम नहीं किया तो कटेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका प्रशासन अब सख्त मूड में आ गया है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 01 से 08 तक के सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक ली गई। ऐसी ही समीक्षा बैठक नगर के सभी 33 वार्डों की होगी।

इस दौरान उन्होंने वार्डवार सफाई व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए कर्मचारियों से वन-टू-वन चर्चा की और सभी की कार्यस्थल लोकेशन दर्ज कराई। बैठक में स्वच्छता नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, सतीश यादव सहित समस्त वार्डों के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

अंतिम चेतावनी: गंदगी मिली तो कार्रवाई तय

सीएमओ देशमुख ने नर्मदा घाटों पर पर्याप्त सफाई नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यह अंतिम चेतावनी है। इसके बाद घाटों या वार्डों में गंदगी मिलने पर संबंधित सुपरवाइजर और कर्मचारियों पर सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि जो कर्मचारी अपनी जो लोकेशन दर्ज करा रहे हैं, उन्हें निर्धारित समय पर उसी स्थान पर मौजूद रहना होगा।

8 घंटे की ड्यूटी अनिवार्य

बैठक में काम के घंटों को लेकर मिल रही शिकायतों पर सीएमओ ने दो-टूक कहा कि दो या चार घंटे काम करने की प्रवृत्ति अब नहीं चलेगी। हर हाल में कर्मचारियों को 8 घंटे की ड्यूटी पूरी करनी होगी। उन्होंने बताया कि कलेक्टर महोदय ने आदेशित किया है कि जिला स्तरीय टीम गठित की जाएगी जो मैदान में उतरकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण और कार्यों का मूल्यांकन करेगी।

बिना सूचना अवकाश पर कटेगा वेतन

सीएमओ ने अवकाश को लेकर भी नियम सख्त कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना या नियमानुसार स्वीकृति के छुट्टी पर जाने वाले कर्मचारियों को गैर-हाजिर मानकर उनका वेतन काटा जाएगा। इस व्यवस्था के तहत आउटसोर्स, विनियमित और स्थायी—सभी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की गई है। उन्होंने कर्मचारियों को आधुनिक मशीनों का उपयोग कर बदलते समय के अनुरूप जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए।

नन्हे हाथों का कमाल, कागज पर उतारे अपने प्यारे ख्वाब



माखन नगर गुरुदेव शिक्षा एवं समाज समिति द्वारा संचालित भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में आज बाल सप्ताह अंतर्गत प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पर्यावरण ,भविष्य का भारत पर अपनी कल्पना और रचनात्मकता के शानदार रंग बिखरे ड्राइंग रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक विजयशंकर यादव, मनोज कुमार परसाई,संचालक नीतिराजसिंह यादव, प्राचार्य वीरेंद्र यादव, रीता यादव, प्रदीप यादव, वैशाली चौरे, रक्षा यादव, यशोदा यादव, चंद्रमोहन यादव एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई, 30 लीटर कच्ची शराब जब्त, टीम ने किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





नर्मदापुरम्- जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर अंकुश के उद्देश्य से पुलिस तथा आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही। इसी क्रम में गत दिवस थाना सोहागपुर पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की।

सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर चार आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान लगभग 30 से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई। साथ ही अवैध शराब निर्माण के लिए तैयार किया जा रहा करीब 2500 से 3000 लीटर महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया गया।

इन पर बने प्रकरण

थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के अनुसार कार्रवाई दौरान संध्या बाई पति रतन शाह उम्र 56 वर्ष, रेखा बाई पति सपन देवनाथ उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी बंगाली कॉलोनी सोहागपुर, रिंकू राय पति संजू राय उम्र 27 वर्ष निवासी नयाखेड़ा सोहागपुर तथा कौशल्या बाई पति दीपांकर उम्र 32 वर्ष निवासी बंगाली कॉलोनी नयाखेड़ा सोहागपुर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब पर अंकुश लगाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

उप सचिव शिक्षा ने किया स्कूलों का निरीक्षण



माखन नगर। जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को उप सचिव शिक्षा मंजूषा राय ने पीएमश्री बागरा तवा और प्राथमिक शाला नया माना का निरीक्षण किया। श्रीमती राय द्वारा शाला के कार्यों की सराहना की । शाला प्राचार्य बीकेश राजपूत द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया। बागरा तवा के पश्चात उप सचिव द्वारा प्राथमिक शाला नया माना का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक श्रीमती ज्योति प्रहलादी,डीईओ व जेडी कार्यालय से पी के पटवा, अरविंद तिवारी,आशीष पटेल, संदीप सिंह,बीईओ सुषमा पीपरे, बीआरसी कमलेश वर्मा जन शिक्षक सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे ।

सर्वजीत को परिजनों से मिलाने सोहागपुर के जनपद पंचायत अध्यक्ष भी कर रहे अथक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



वर्ष 2025 में नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर लगभग सात वर्षीय एक बालक जीआरपी को भटकता हुआ मिला था। जिसे नरसिंहपुर के बालगृह में सौंपा गया था। अब बालगृह काउंसलर दीपचंद सोनी बच्चे को परिजनों से मिलाने के लिए एक वर्ष से प्रयासरत हैं।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को दीपचंद सोनी लगभग आठ वर्षीय बालक सर्वजीत को लेकर सोहागपुर पहुंचे थे। जहां उन्होंने शाम को सोहागपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष जालम सिंह पटेल के गृह ग्राम सोढरा पहुंचकर उनसे भेंट की।

जालम सिंह पटेल ने बच्चे से चर्चा की तथा उससे परिजनों का विवरण लिया, ताकि उसके परिजनों की खोज की जा सके। बालक ने बताया कि वह सोहागपुर के सहोडरा ग्राम का रहने वाला है तथा उसके पिता का नाम राधेश्याम व मां का नाम उर्मिला है। जिसके बाद सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने आसपास के सभी गांवों तथा टोला व वार्डो में व्हाट्सएप के माध्यम से खबर पहुंचाई है कि यदि किसी राधेश्याम एवं उर्मिला का पुत्र पिछले वर्ष गुम हुआ हो तो वे संपर्क करें।

जालम सिंह पटेल ने बताया है कि उनके प्रयास अभी भी जारी हैं। वही देर शाम सर्वजीत को लेकर काउंसलर दीपचंद सोनी वापस नरसिंहपुर रवाना हो गए।

इनामी सजनई प्रतियोगिता ग्राम टूराखापा में आज से

सोहागपुर। सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम टूराखापा में शनिवार से दो दिवसीय इनामी सजनई प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम के खेड़ापति दरबार में कतिया समाज के द्वारा दीपावली मिलन समारोह रूप में किया जाएगा। आयोजन आज शनिवार शाम सात बजे प्रारंभ होगा। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार विजेता को प्रथम पुरस्कार में 11000 की राशि दी जाएगी। जबकि द्वितीय पुरस्कार 9000, तृतीय पुरस्कार 7000, चतुर्थ पुरस्कार 5000, पांचवा पुरस्कार 4000, छटवां पुरस्कार 3000, सातवां पुरस्कार 2500 रुपए होगा। इसके अलावा पांच अन्य सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। समिति से अध्यक्ष भागचंद लांझेश, उपाध्यक्ष कृपाराम वानवंशी, सचिव शंकरलाल आरसे तथा सचिव लखनलाल नागवंशी ने सजनई विधा के प्रशंसकों से उपस्थिति की अपील की है।

2 किमी पैदल मार्च कर प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

शराब बिक्री को लेकर महिलाओं ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मटकुली में अवैध शराब और बिना लाइसेंस महुआ की खुलेआम हो रही बिक्री के खिलाफ महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। मटकुली सरपंच नेहा धुर्वे, जनपद सदस्य गीता उईके और 8 महिला पंचों के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने पिपरिया पहुंचकर आबकारी विभाग और प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

2 किलोमीटर का पैदल मार्च

प्रदर्शनकारी महिलाएं सबसे पहले आबकारी विभाग का घेराव करने पहुंचीं, लेकिन वहां आबकारी अधिकारी नदारद मिले। इससे नाराज महिलाओं ने स्टेशन रोड थाने पहुंचकर थाना प्रभारी महेंद्र बघेल को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद महिलाओं ने आबकारी कार्यालय से तहसील कार्यालय तक लगभग 2 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में धरने पर बैठ गईं। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार नीरज बैंस द्वारा सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद महिलाओं ने उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने आरोप लगाया कि मटकुली पंचायत क्षेत्र में नियम विरुद्ध तरीके से अनाज व्यापारियों, किराना स्टोर और यहां तक कि हार्डवेयर की दुकानों पर भी बिना किसी लाइसेंस के धड़ल्ले से महुआ बेचा जा रहा है। इसी महुआ से कच्ची शराब बनाकर विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही है। महिलाओं का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में पुलिस चौकी होने के बावजूद न तो पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है और न ही आबकारी विभाग सुध ले रहा है।

महिला जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 2 दिनों के भीतर अवैध शराब बनाने वालों, बेचने वाले ठेकेदारों और अवैध महुआ विक्रेताओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे मुख्य हाईवे पर चक्का जाम करने को मजबूर होंगी।

कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)
Municipal Council Pipariya Distt.- Narmadapuram

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया पिन-461775, फोन नं. 07576-222041
E-mail - cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./राजस्व/2026/994 // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // पिपरिया, दिनांक :- 13/11/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के पुराना गल्ला मंडी BJP कार्यालय के बाजू में निर्मित दुकान क्रमांक एवं दुकान क्रमांक 01 से 07 की छत (प्रथम तल) नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित है।

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	प्रा. राशि	धरोहर राशि	निविदा फार्म शुल्क + GST
1	2026_UAD_ 548993_1 Nit No. 994_13.11.2026	पुराना गल्ला मंडी BJP कार्यालय के बाजू में निर्मित दुकान क्रमांक 01 से 07 की छत (प्रथम तल) नीलामी हेतु।	90.17 Lakh	67627/-	10000/-
2	2026_UAD_ 549006_1 Nit No. 995_13.11.2026	ब्लाक D दुकान नंबर 41	17.24 Lakh	13000/-	2000/-
3	2026_UAD_ 549006_2 Nit No. 995_13.11.2026	ब्लाक D दुकान नंबर 42	17.24 Lakh	13000/-	2000/-

समय तालिका

क्र.	विवरण	दिनांक
1	टेंडर फार्म लेने की तिथि	13.11. 2026 17:30 PM
2	टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि	27.11.2026 17:30 PM
3	प्रपत्र इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि	30.11.2026 10:00 AM
4	निविदा दर खोले जाने की तिथि	Will be provided later

नोट : 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सतीष मालवीय
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

खबर संक्षेप

हंडिया-सुल्तानपुर फीडर पर 6 घंटे बंद रहेगी बिजली

हरदा। कार्यालय महाप्रबंधक हरदा ने बताया कि 220 के.व्ही. उपकेंद्र हण्डिया से निकल रहे 132 केव्ही हण्डिया-सुल्तानपुर फीडर पर अति आवश्यक सुधार कार्य किया जाना है। इस कारण 14 नवम्बर दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक 132 केव्ही उपकेंद्र सुल्तानपुर से निकलने वाले 33 केव्ही फीडर गहाल-मगरधा, मुहालकला, सिराली एवं रहटाकला तथा इनसे जुड़े 33/11 केव्ही उपकेंद्र गहाल, झाड़पा, मगरधा, मुहालकला, खरड, सिराली, सोनपुरा, मंडीसैल एवं रहटाकला से संबंधित क्षेत्र में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

कल मैराथन दौड़, 20 को बाइक रैली

हरदा। जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्रधिकरण सुरेश कुमार सुर्यवंशी ने बताया कि 14 से 20 नवम्बर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत न्यायोत्सव के तहत 15 नवंबर 2026 रविवार को प्रातः 7 बजे से शासन के अन्य विभागों के समन्वय से ह्यरन फॉर जस्टिस - ईच स्टेप टुवर्ड्स लीगल अवेयरनेस थीम पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा 20 नवंबर शुक्रवार को समय प्रातः 10 बजे बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बाईक रैली का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अरविंद रघुवंशी द्वारा किया जायेगा। यह बाईक रैली जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर नारायण टॉकीज, पुरोहित मिष्ठान (चाण्डक चौराहा) चौराहा से टांक चौराहा होते हुए, परशुराम चौक, पावनी डेयरी के सामने स्थित सब्जी मण्डी से होते हुए अंबेडकर चौक से वापस जिला न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर आकर समाप्त होगी।

कांग्रेस ने नौ ब्लॉकों में नियुक्त किए प्रभारी

हरदा। जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत जिले के नौ ब्लॉकों में प्रभारी और सहायक प्रभारियों की नियुक्ति की है। इन पदाधिकारियों को मंडलम, ग्राम पंचायत अध्यक्षों और बीएलए-2 के साथ समन्वय कर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उन्हें संगठन के कार्यक्रमों और जन आंदोलनों का संचालन भी करना होगा। जिला प्रभारी रचना जैन के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में जिलाध्यक्ष मोहन सांई और विधायक आरके दोगने की मौजूदगी में जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया। जिला उपाध्यक्षों और महासचिवों की संयुक्त टीमें बनाकर हरदा एवं टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉकों और शहरों का प्रभार सौंपा गया। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वोट बचाओ, देश बचाओ जन आंदोलन अभियान के तहत 25 नवंबर तक जिले के सभी गांवों में ग्राम चौपाल आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रभारियों को चौपालों के आयोजन के बाद फोटो और समाचार पत्रों की कटिंग जिला एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गए। इन नेताओं को मिली जिम्मेदारी हंडिया ब्लॉक में रविशंकर शर्मा और गणेश पटेल को प्रभारी तथा साजिद खान को सहायक प्रभारी बनाया गया है। खिरकिया में चंद्रशेखर पटेल और सूरज सिंह राजपूत, सोनतलाई में भागीरथ पटेल को प्रभारी तथा लोकेश जायसवाल को सहायक प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। मगरधा में भूपेश पटेल प्रभारी और अजय राजपूत सहायक प्रभारी होंगे। हरदा ब्लॉक में अनिल दुबे, सुप्रिया पटेल और संदीप गौर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। टिमरनी में रविशंकर शर्मा और चुन्नीलाल रायखेरे प्रभारी तथा यूसुफ गौरी सहायक प्रभारी बनाए गए हैं।रहटगांव में शेरसिंह तोमर प्रभारी और यूसुफ गौरी सहायक प्रभारी होंगे। करताना में रविशंकर शर्मा और रामदास तोमर तथा सिराली में शेरसिंह तोमर और सूरज सिंह राजपूत को प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष मोहन सांई ने सभी प्रभारियों से संगठन के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित कर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रियता से कार्य करने को कहा है।

हितग्राहियों को मिले योजनाओं के हितलाभ, 220 आवेदन आए

उद्यानिकी फसलों की खेती अपनाकर बढ़ाएं किसानों की आय : कलेक्टर

चिया सीड की खेती से किसान प्रति एकड़ कमा रहे एक लाख रुपये तक का लाभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को टेमागांव क्लस्टर के ग्राम टेमागांव में क्लस्टर स्तरीय संवाद शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान आयोजित उद्यम संवाद में किसानों और स्वसहायता समूह की सदस्यों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। जन विश्वास शिविर के माध्यम से प्रशासन स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहा है और उनका निराकरण कर रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से विभिन्न विभागों के स्टॉल पर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेने और उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुमार सत्यम ने किसानों को परंपरागत खेती के साथ उद्यानिकी फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसान कृषि के क्षेत्र में नवाचार करते हुए उद्यानिकी फसलों की खेती की ओर भी आगे आएं। इससे उनकी आय बढ़ाने के नए अवसर मिल सकते हैं। इस दौरान उद्यम संवाद कार्यक्रम में ग्राम टेमागांव के किसान मनोज किरार ने चिया सीड की खेती का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वे चिया सीड की खेती से प्रति एकड़ लगभग एक लाख रुपये तक का लाभ अर्जित कर रहे हैं। चिया सीड का बाजार भाव लगभग 20 हजार रुपये प्रति क्विंटल है तथा इसकी खेती में सामान्य फसलों के बराबर ही लागत आती है। खातेगांव सहित अन्य स्थानों पर भी चिया सीड की खरीदी की जा रही है। शिविर में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत तीन स्वसहायता समूहों को बैंक लिंकेज के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत बालिकाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

नागरिकों को किया जागरुक

शिविर में एसडीओपी टिमरनी दीपा डोडवे ने ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा एवं राहगीर योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक खाता नंबर, ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड और व्हाट्सएप कोड किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें तथा अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें। साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने राहगीर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि दी जाती है तथा मदद करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने सभी से दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए। आधार कार्ड पंजीयन, स्वास्थ्य जांच तथा फार्मर आईडी बनाने के लिए राजस्व शिविर भी आयोजित किए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान आमजन से उनकी समस्याओं एवं मांगों के संबंध में कुल 220 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गतिविधियों का अवलोकन किया

कृषि संचालक ने भ्रमण कर कृषि नवाचारों का लिया जायजा



हरदा। कृषि संचालक उमाशंकर भार्गव ने शुक्रवार को हरदा जिले का भ्रमण कर कृषि विभाग की विभिन्न गतिविधियों, कृषि नवाचारों एवं उर्वरक वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित एकीकृत कृषि प्रणाली, जैविक खेती, कृषि प्रसंस्करण और जैव संसाधन प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों का अवलोकन किया।भ्रमण के दौरान संचालक श्री भार्गव सबसे पहले ग्राम सोडलपुर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रगतिशील कृषक चिन्मय गद्रे के कृषि फार्म का निरीक्षण किया। उन्होंने फार्म पर संचालित एकीकृत कृषि प्रणाली, जैविक खेती एवं कृषि प्रसंस्करण संयंत्र की गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कृषि उत्पादन के साथ प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के प्रयासों को देखा तथा कृषि के विभिन्न घटकों के समन्वय से उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने की पहल की सराहना की।

इसके बाद उन्होंने ग्राम नौसर में कृषक नारायण पटवारे द्वारा संचालित बायो रिसोर्स सेंटर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने जैव संसाधनों के उपयोग, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा कृषि आधारित संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। संचालक भार्गव ने भ्रमण के दौरान डबल लॉक केंद्र का भी निरीक्षण किया। उर्वरक वितरण की प्रक्रिया तथा वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि प्रकाश ठाकुर, परियोजना संचालक आत्मा पी.एस. निगवाल एवं सहायक संचालक कृषि भगवत सिंह उपस्थित रहे।

युवा संगम का आयोजन 17 को होगा

खरगोन। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 नवंबर को युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला) का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, पुराना कलेक्टर परिसर, खरगोन में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। युवा संगम में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अपनी रिक्तियों के अनुसार युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने वाले शासकीय विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराया जाएगा। स्वरोजगार के लिए 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवा जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकेंगे।

10 दिन की बेटी की गला दबाकर हत्या करने वाली मां को उम्रकैद

हरदा। जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के सोहागपुर गांव में 10 दिन की बेटी की गला दबाकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने मां पूजा को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। फैसला शुक्रवार को सुनाया गया। अतिरिक्त लोक अभियोजक विपिन सोनकर ने बताया कि द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि इस अपराध में सहानुभूति दिखाना उचित नहीं है। मामले में संगीता पति मुकेश कोरकू ने 18 फरवरी 2023 को टिमरनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी छोटी ननद पूजा ने सोडलपुर के संजू बंजारे से 2021 में प्रेम विवाह किया था। वहीं पूजा ने 8 फरवरी को टिमरनी के सरकारी अस्पताल में बेटी को जन्म दिया था। बच्ची स्वस्थ थी और उसका नाम संध्या रखा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, 15 फरवरी को पूजा बेटी को ससुराल में छोड़कर मायके सोहागपुर आ गई थी। उसने बताया था कि पति संजू ने उसके साथ मारपीट की, इसलिए वह जंगल के रास्ते अपने माता-पिता के पास आई है। बाद में पेटदर्द की शिकायत पर पूजा अपनी बड़ी बहन और दामाद के साथ इलाज के लिए हरदा गई। लौटने पर उसकी गोद में बेटी संध्या थी। पूछने पर उसने कहा कि उसकी सास बेटी को उसके पास छोड़ गई है। पूजा ने अपनी मां क्षमा से कहा कि वह बेटी को नहीं रखना चाहती। परिवार के लोगों ने उसे समझाया कि बच्ची उसी की है। इसके बाद पूजा ने बेटी को दूध पिलाया और घर के लोग खाना खाकर सो गए। क्षमा बाई खेत पर काम करने चली गई थीं। अगले दिन दोपहर में पूजा और उसकी भाभी संगीता शौच के लिए गईं। रास्ते में पूजा ने संगीता को बताया कि उसने बेटी संध्या का गला दबाकर हत्या कर दी है। उसने कहा कि वह पति के साथ नहीं रहना चाहती और अपनी समाज के लड़के के साथ रहेगी।

कलेक्टर ने किया उचित मूल्य की दुकान व आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर कुमार सत्यम ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत टेमागांव में आयोजित क्लस्टर स्तरीय संवाद शिविर के दौरान गांव की उचित मूल्य की दुकान एवं आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम टिमरनी श्री असवनराम चिरामन सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। उचित मूल्य की दुकान के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मौके पर ही दुकान के स्टॉक का सत्यापन करवाया। साथ ही पीओएस मशीन के माध्यम से राशन वितरण एवं बिक्री व्यवस्था की जांच की। उन्होंने दुकान में खाद्यान्न एवं उर्वरक के भंडारण की स्थिति का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से राशन एवं उर्वरक की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकान के भवन की स्थिति का अवलोकन करते हुए उसकी आवश्यक मरम्मत करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके बाद उन्होंने आयुष चिकित्सालय का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने आयुष चिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या तथा चिकित्सालय में उपलब्ध दवाइयों की जानकारी भी ली। उन्होंने आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

एनटीपीसी में क्षेत्रीय व राष्ट्रीय मीडिया से संवाद किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

एनटीपीसी ने एक मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों से जुड़े लगभग 50 पत्रकारों ने भाग लिया। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर खुलकर चर्चा करना तथा जानकारी का आदान-प्रदान करना था। इस दौरान प्लांट की दक्षता, विद्युत उत्पादन एवं वितरण, परिचालन प्रदर्शन, सीएसआर पहल, सामुदायिक विकास गतिविधियों तथा क्षेत्र के समग्र विकास में परियोजना के योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से परियोजना की प्रमुख उपलब्धियों, परिचालन उत्कृष्टता एवं विभिन्न पहलों की जानकारी साझा की गई। इसके पश्चात आयोजित संवाद सत्र में पत्रकारों ने परियोजना की कार्यप्रणाली, सीएसआर गतिविधियों एवं मीडिया कवरेज से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे और अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर केशब चंद्र सिन्हा राय, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी खरगोन ने उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए परिचालन उत्कृष्टता, सतत विकास तथा हितधारकों के साथ सार्थक संवाद के प्रति परियोजना की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

समापन सुश्री प्रतिभा सिंह, एजीएम (मानव संसाधन) द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसके पश्चात सभी के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई। इस मीडिया संवाद ने पारदर्शी संचार, मीडिया के साथ बेहतर समन्वय तथा परियोजना की उपलब्धियों एवं सामाजिक योगदानों को जनमानस तक पहुंचाने के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः प्रदर्शित किया।

भाजपा पहले टंट्या मामा मूर्ति पर जवाब दे: नाईक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



भाजपा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आदिवासी गौरव सप्ताह मनाए जाने की घोषणा पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा पर आदिवासी समाज को गुमराह करने और दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया है। रवि नाईक ने कहा कि जिस भाजपा ने खरगोन शहर में आदिवासी समाज के गौरव और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी टंट्या मामा की प्रतिमा के लिए धातु अथवा पत्थर के स्थान पर फाइबर की मूर्ति लगाकर आदिवासी समाज को अपमानित किया वही भाजपा बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी गौरव सप्ताह मनाने का ढोंग कर रही है। भाजपा को बताना चाहिए कि क्या आदिवासी महापुरुषों का सम्मान केवल आयोजन, भाषण और सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित है ? उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का आदिवासी प्रेम वास्तविक नहीं, बल्कि राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है। आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा को एक बार फिर आदिवासी समाज की याद आने लगी है। यदि भाजपा वास्तव में आदिवासी समाज का सम्मान करती है तो उसे सबसे पहले टंट्या मामा की प्रतिमा के मामले में जवाब देना चाहिए और बताना चाहिए कि आदिवासी समाज के गौरव की प्रतिमा में फाइबर का इस्तेमाल क्यों किया गया? इस पूरे मामले में लाखों रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी भाजपा को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

नाईक ने कहा कि आदिवासी समाज कोई राजनीतिक वोट बैंक नहीं, बल्कि इस देश की अस्मिता, संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुंडा और टंट्या मामा जैसे महान क्रांतिकारियों का सम्मान किसी सप्ताह या आयोजन का मोहताज नहीं है, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को सम्मान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा को आयोजनों की आड़ में अपनी आदिवासी विरोधी मानसिकता छिपाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस दोहरे चरित्र और कथित आदिवासी प्रेम का पर्दाफाश जनता के बीच करेगी और आदिवासी समाज के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों के मुद्दे पर भाजपा से जवाब मांगेगी।

संवेदनशील पहाड़ी व सघन वनक्षेत्र में शराब दुकान संचालन की अनुमति पर उठ रहे सवाल

पेसा-एक्ट और वन व वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कड़े प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

पहाड़ी-सघन वनक्षेत्र तितरान्या में शासकीय शराब दुकान के संचालन का मामला इन दिनों सुर्ख़ियों में है। भौगोलिक रूप से यह अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र है,जो सतपुड़ा-पर्वत के सघन-वनक्षेत्र और चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग पर बसा हुआ है। इस अनुसूचित क्षेत्र में पेसा-एक्ट और वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कड़े प्रावधान प्रभावशील है। सम्पूर्ण मामला,केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अनुमति को लेकर सवालों के घेरे में है। यह मामला इसलिए भी अधिक गंभीर है कि समीप ही यावल अभ्यारण पाल (महाराष्ट्र) के वन्य प्राणियों का प्राकृतिक आवास और आवाजाही का कारिडोर है। इस पंचायत क्षेत्र की आबादी करीब 2,200 से 2,500 है,जबकि पुरुष एवं महिलाओं का प्रतिशत क्रमशः 49% से 50% है और वहां बालिका आश्रम भी संचालित हो रहा है। पेसा अधिनियम की बाध्यताएं इस क्षेत्र में पेसा-एक्ट (पंचायतों के अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार अधिनियम, 1996) प्रभावशील है। जिसके अंतर्गत 5वीं अनुसूची वाले जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभा को सर्वोच्च अधिकार प्राप्त है। जबकि पेसा-एक्ट की धारा 4 (एम)(1) के तहत ग्राम सभा के पास शराब (मदिरा) की बिक्री, निर्माण, दुकानों की अनुमति और निषेध का पूर्ण अधिकार है। ग्राम सभा की सहमति या प्रस्ताव के बगैर अनुसूचित क्षेत्र में नई शराब दुकान खोलना अवैधानिक है। वहीं,ग्राम सभा को पारंपरिक मदिरा निर्माण के नियम तय करने और व्यावसायिक बिक्री प्रतिबंधित करने का अधिकार है।

गैर-वानिकी उपयोग प्रतिबंधित

वन क्षेत्र या जनजातीय भूमि का किसी भी गैर-वानिकी या व्यावसायिक कार्य (जैसे वाणिज्यिक आबकारी परिसर) के लिए उपयोग प्रतिबंधित है। चूंकि यह सघन वन क्षेत्र है, इसलिए यहाँ भारतीय वन



फॉलोअप

अधिनियम, 1927 और वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम की कड़ी धाराएं लागू होती हैं। जबकि सम्पूर्ण इलाका वन्य-प्राणियों का आश्रय-स्थल और समीप ही यावल अभ्यारण पाल(महाराष्ट्र) के वन्य प्राणियों का कारिडोर भी है।

जैव-विविधता की सुरक्षा जरूरी

इन प्रावधानों का उद्देश्य जैव विविधता की सुरक्षा जरुरी है। जिसके अनुसार सभी जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों और सूक्ष्म जीवों की विविधता जितनी अधिक होगी, प्रकृति उतनी ही संतुलित और सुरक्षित रहेगी। इस नाते इसे सुरक्षित रखने का दायित्व वन अधिकारियों का है कानूनी दायित्व है। अतः वन भूमि पर किसी भी अनधिकृत आबकारी या व्यावसायिक गतिविधि को रोकना उनकी वैधानिक जिम्मेदारी है। सरकार या आबकारी विभाग एकतरफा फैसला आबकारी-गतिविधियों के लिए पर्याप्त नहीं है।

केंद्र सरकार के प्रावधान

सघन संरक्षित (आरक्षित) वनक्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों, शराब दुकानों अथवा आबकारी डिपो-निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है। इन क्षेत्रों में वन भूमि का उपयोग केवल वानिकी, वन सुरक्षा और प्रशासनिक कार्यों के लिए ही संभव है। वहां किसी भी गैर-वानिकी गतिविधि के लिए केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की पूर्व स्वीकृति का प्रावधान है। अतः मौजूदा-कड़े कानूनी प्रावधानों के चलते राज्य सरकार का लाइसेंस ही शराब दुकान खोलने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। अतः किन परिस्थितियों में शराब दुकान जैसी गैर वानिकी-गतिविधियों के संचालन की अनुमति दी गई ? यह पूरी-प्रक्रिया सवालों और जांच के घेरे में हैं।

इनका कहना है

आदिवासी समुदाय का शोषण अवैध शराब के कारोबार से आदिवासी समुदाय का शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक विकास अवरुद्ध हो गया है। पहाड़ी क्षेत्र के तितराव्या में शासकीय शराब दुकान खोली गई है। इसकी निष्पक्ष जांच कर उसे बंद करना चाहिए।

नन्नू पटेल, संस्थापक और जग्गा जमरे, मीडिया प्रभारी, आदिवासी शिक्षित युवा संगठन, ढसलगांव झिरन्या

नहीं दी कोई जानकारी

मैंने कुछ समय पूर्व ही पदभार ग्रहण किया है और आवश्यक दस्तावेज मांगे हैं,जो अप्राप्त है।

हरेसिंग सोलंकी रेंजर, वन परिक्षेत्र तितराव्या

ज्ञापन देना चाहिए

सघन वनक्षेत्र और रेंज मुख्यालय से शराब दुकान हटाने और नशाबन्दी के लिए ग्रामीणों को ज्ञापन देना चाहिए।

रमेशचन्द्र राठौर, डीएफओ, वनमंडल खरगोन